शा. स्नातक महाविद्यालय में हुआ सूर्य नमस्कार

नवभारत न्यूज

गुढ़, 13 जनवरी, शासकीय स्नातक महाविद्यालय, गुढ़ में विद्यार्थियों एवं स्टाफ के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

यह कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार भारतीय योग परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है, जो शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है. नियमित सूर्य नमस्कार से शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक एकाग्रता एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है.

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार कर योग के महत्व को आत्मसात किया. योग प्रशिक्षकों द्वारा सूर्य नमस्कार की विधि एवं उसके लाभों की जानकारी भी दी गई. इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, योग को दैनिक जीवन में शामिल करने तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया.

जनसुनवाई में 38 आवेदकों की सुनी गई समस्या

अपर कलेक्टर ने निराकरण के दिये निर्देश, राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित पहुंची शिकायते

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 13 जनवरी, मऊगंज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने 38 आवेदकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही करने के निर्देश दिए.

जनसुनवाई में बुद्धसेन साकेत निवासी ग्राम घुरेहटा ने आयुष्मान कार्ड बनाने, सियाशरण मिश्रा ग्राम बघैला ने सीएम हेल्पलाइन में गलत जवाब फीड कर शिकायत को फोर्स क्लोज किए जाने तथा राजमणि चौरसिया निवासी रामपुर ने नक्शा तरमीम का आवेदन प्रस्तुत किया जिन्हें संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया. जिले के ग्राम भाटी जंगल व बहेरा डाबर के आदिवासी भूमिहीन व्यक्तियों ने आवासीय पट्टा प्रदान करने का आवेदन दिया, जिसे तहसीलदार मऊगंज को परीक्षण हेतु प्रेषित किया गया. इसी प्रकार सरस्वती शिक्षा समिति कोनि द्वारा विद्यालय परिसर से अतिक्रमण हटाने, सुशीला देवी निवासी घुरेहटा द्वारा विद्युत कनेक्शन प्रदाय करने तथा मकसूदन नाई भमरहा द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने के आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए. आवारा मवेशियों की भी शिकायत पहुंची.

मऊगंज जिले में आज रहेगा स्थानीय अवकाश

मऊगंज, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जिले में 14 जनवरी मकर संक्रांति पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है. यह अवकाश सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में लागू होगा. कोषालय, उप कोषालय और बैंकों में स्थानीय अवकाश का आदेश लागू नहीं होगा.

जिला टास्क फोर्स की बैठक 16 को

मऊगंज, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है. बैठक में जिले के हनुमना विकासखण्ड में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन की तैयारियों पर चर्चा की जायेगी. उल्लेखनीय है कि सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 10 फरवरी से 24 फरवरी तक संचालित किया जायेगा.

माफिया जंगल का कर रहे सफाया : दीपक

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जनवरी, जंगल विभाग के अधिकारियों की कुभकर्णी निंद्रा के चलते जगल माफिया जंगल को सफाया कर रहे हैं.

उक्त आशय के आरोप सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता दीपक कुमार गुप्ता ने लगाते हुए कहा कि त्योथर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत रायपुर सोनौरी बीट के अन्तर्गत लगे रायपुर जंगल में इमारती लकड़ी की कटाई के साथ ही खैर (कत्था) के पेड़ो की कटाई जंगल माफियाओं द्वारा जोरो से की जा रही है बावजूद इसके जंगल विभाग अपनी कुंभकर्णी निद्रा में तल्लीन है. श्री गुप्ता ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर बस्ती के सरहंगों के द्वारा दिन रात खनिज संपदा की निकासी की जा रही है, जिससे नुकसान हो रहा है.

टेली लॉ सर्विस के माध्यम से अब घर बैठे नि:शुल्क कानूनी सलाह

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 13 जनवरी, न्याय विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित टेली लॉ के माध्यम से अब हर व्यक्ति घर बैठे नि:शुल्क कानूनी सलाह का लाभ प्राप्त कर सकता है.

इसके लिए हितग्राही को अपने नजदीकी सीएससी सेंटर जाकर अपनी समस्या का रजिस्ट्रेशन करवाना होगा. इसके पश्चात वकीलों द्वारा कॉल करके हितग्राहियों को सलाह प्रदान की जाती है.

टेली लॉ के माध्यम से क्रिमिनल मामलों, सिविल मामलों, जमीनी विवाद, बैंकिंग मामलों, उपभोक्ता मामलों, इंश्योरेंस संबंधित समस्या, एवं सभी प्रकार की कानूनी सलाह प्राप्त की जा सकती है. टेली लॉ सर्विस के स्टेट कोऑर्डिनेटर आशीष द्विवेदी ने बताया कि टेली लॉ के माध्यम से मध्यप्रदेश में लगभग 12 लाख हितग्राहियों को वकीलों द्वारा नि:शुल्क सलाह प्रदान की जा चुकी है.

आमजन सीएससी केंद्रों के माध्यम से या स्वयं टेली लॉ एप्लिकेशन के माध्यम से अपनी समस्या को रजिस्टर कर कानूनी सलाह प्राप्त कर सकते है.

चलाया जायेगा आपरेशन उत्तरदायित्व अभियान

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 13 जनवरी, जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज द्वारा 23 जनवरी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जन्म दिवस से मऊगंज जिले में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित कराने परिषद् द्वारा ''ऑपरेशन उत्तरदायित्व'' का अभियान चलाया जायेगा.

जिसकी शुरूआत मऊगंज में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम से होगी तथा कार्यक्रम उपरांत 23 जनवरी को अपरान्ह 04 बजे जिला कार्यालय मऊगंज में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जायेगा.

उक्त आशय की जानकारी देते हुये परिषद् के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने परिषद् के सदस्यों से आयोजन में भागीदारी निभाने का आग्रह किया है.

ग्राम पंचायत जरहा के सरपंच का शपथ ग्रहण समारोह हुआ

नवभारत न्यूज

गुढ़, 13 जनवरी, गुढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जरहा में अभी हाल ही में संपन्न हुए उप निर्वाचन चुनाव में रीवा जिले की सबसे चर्चित ग्राम पंचायत का चुनाव जनपद पंचायत पंचायत रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत जरहा का चुनाव रहा है.

जिसमें खरसिया चुनाव की याद ताजा हो गई ग्राम पंचायत के चुनाव में नवनिर्वाचित सरपंच शिवेंद्र सिंह जरहा का शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम पंचायत भवन में 12:00 बजे दिन से आयोजित किया गया था. मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत वार्ड 15 के जिला पंचायत सदस्य कामरेड लालमणि त्रिपाठी द्वारा सरपंच को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई वही कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजभान सिंह गहरवार चाचा रहे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच शंकर सिंह गहरवार शिवधर द्विवेदी सीनियर पंच सुरेश प्रसाद उपाध्याय रहे. वही ग्राम पंचायत के कार्यवाहक सरपंच शिव प्रसाद कुशवाहा भी मौजूद रहे ग्राम पंचायत के सचिव अरुण चतुर्वेदी ने कार्रवाई पूरी की वहां पर ग्राम रोजगार सहायक सविता पांडे मौजूद रही. सरपंच शिवेन्द्र सिंह जरहा ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया.

शहर में पेयजल पाइप लाइन डालने के लिये खोदी जा रही लाइन

मकर संक्रांति को लेकर ग्राम रक्षा समिति की बैठक

गुढ़, 13 जनवरी, गुढ़ थाना प्रभारी सैल यादव के निर्देशानुसार ग्राम रक्षा समिति प्रभारी एएसआई सुरेश साकेत के उपस्थित में ग्राम रक्षा समिति की मकर संक्रांति के उपलक्ष में थाना गुढ़ में बैठक संपन्न हुई. जिसमें ग्राम रक्षा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे. मकर संक्रांति पर्व पर लगने वाले मेंले में शांति व्यवस्था बनाए रखने सभी सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई और जिम्मेदारी सौंप दी गई है. साथ ही सभी से जिम्मेदारी के साथ काम करने को कहा गया है.

सड़क दुर्घटना मामले में आरोपी को 3 माह का सश्रम कारावास

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 13 जनवरी, सड़क दुर्घटना के एक मामले में न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी), मऊगंज ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है.

थाना लौर जिला मऊगंज के अपराध क्रमांक 394/2020 अंतर्गत धारा 279, 338 भादंवि तथा मोटर व्हीकल अधिनियम की धारा 3/181, 184 के तहत आरोपी रितेश गिरी पिता राममणि गिरी, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम तडौरा, थाना लौर, जिला मऊगंज को 03 माह का सश्रम कारावास एवं 1500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है.

प्रकरण के अनुसार दिनांक 29 अक्टूबर 2020 को फरियादी द्वारा थाना लौर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी. एफआईआर के मुताबिक घटना उसी दिन लगभग दोपहर 01:15 बजे ग्राम पागल चौराहा, ढनगन लोक मार्ग पर घटित हुई, जहां आरोपी रितेश गिरी ने वाहन क्रमांक एमपी 17 एमवी 8236 को उतावलेपन एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अनुराग सिंह को टक्कर मार दी. इस सड़क दुर्घटना में अनुराग सिंह के बाएं पैर एवं बाएं हाथ में गंभीर चोटें आई थीं. विचारण के दौरान शासन की ओर से एडीपीओ जयप्रकाश द्विवेदी द्वारा अतिरिक्त डीपीओ श्रीमती भारती शर्मा के मार्गदर्शन में प्रभावी पैरवी की गई.

कन्या महाविद्यालय के साथ इंजीनियरिंग कालेज की मऊगंज में दरकार

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 13 जनवरी, नवगठित मऊगंज जिले को बने दो वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आज भी जिले के विद्यार्थियों को उच्च एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अन्य जिलों पर निर्भर रहना पड़ रहा है.

जिले में कन्या महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, बीएड कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों की सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है. विशेष रूप से कन्या महाविद्यालय और नर्सिंग कॉलेज के अभाव में छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है. जिससे सुरक्षा और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ते हैं. वहीं तकनीकी शिक्षा के लिए पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेज न होने से जिले के युवा आधुनिक शिक्षा और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं. शिक्षक प्रशिक्षण के लिए बीएड कॉलेज का न होना भी शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर असर डाल रहा है. इसके साथ ही केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की अनुपस्थिति से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण नहीं मिल पा रहा है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिला बनने के बाद अपेक्षा थी कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा, लेकिन शिक्षा के मामले में अब तक कोई ठोस पहल सामने नहीं आ सकी है. ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि मऊगंज जिले को ये शैक्षणिक सौगातें कब मिलेंगी. जनता का मानना है कि अब यह पूरी तरह जिले के जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और शासन-प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की गंभीर पहल पर निर्भर करता है.

बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ यूथ कांग्रेस ने किया घेराव

नवभारत न्यूज

गोविंदगढ़, 13 जनवरी, बिजली विभाग की घोर लापरवाही, मनमानी कार्यप्रणाली एवं आम जनता की समस्याओं की लगातार अनदेखी के विरोध में यूथ कांग्रेस गुढ़ विधानसभा अध्यक्ष रोहित यादव के नेतृत्व में आज गोविंदगढ़ बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव किया गया.

घेराव के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बार-बार बिजली गुल होने, जर्जर विद्युत तारों, बार-बार ट्रांसफार्मर फेल होने, मनमाने ढंग से विद्युत लोड बढ़ाए जाने, विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी अब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी.' उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही बिजली व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, जमीनी स्तर पर सुधार नहीं हुआ तथा लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यूथ कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग एवं प्रशासन की होगी. मांगो का ज्ञापन सौप कर आंदोलन की चेतावनी दी गई. कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी शक्ति कुशवाहा, जिला महासचिव शुभम कुशवाहा, जिला महासचिव कृष्णकांत विश्वकर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रायपुर अनिल पटेल, ब्लॉक उपाध्यक्ष रायपुर धनंजय पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष गोविंदगढ़ कांग्रेस कमेटी राम नरेश यादव, पंकज पांडेय, विकास यादव, सनत दहिया मौजूद रहे.

संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता यादवेन्द्र सिंह का दु:खद निधन

नवभारत न्यूज

हनुमना, 13 जनवरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता तहसील हनुमना अंतर्गत ग्राम पंचायत मझिगवां के सरपंच ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के पिताजी यादवेंद्र सिंह का आज दुखद निधन हो गया.



उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई. परिजनों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं परिचितों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं. ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस दुख की घड़ी सहन करने की शक्ति प्रदान करें.

विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ भाजपा नेता प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य, भाजपा प्रदेश मंत्री राजेशपांडे, जिलाध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक डॉ रवि प्रताप द्विवेदी जिला संघ चालक रामाधार द्विवेदी, हिंदी साहित्य के जाने-माने पुरोधा डॉक्टर लहरी सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला हनुमना नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता वीरेंद्र बहादुर सिंह अमरेंद्र बहादुर सिंह धनेंद्र सिंह सेंगर कंचन सिंह डॉक्टर लहरी सिंह ब्रह्मदेव सिंह राजीव सिंह राजू सिंह सेंगर ने शोक व्यक्त किया है.

जल सुनवाई में लीकेज सुधार की शिकायत पर कराई गई मरम्मत व सफाई

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 13 जनवरी, आमजनता को साफ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में जल सुरक्षा-जल संरक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मंगलवार को आयोजित होने वाली जल सुनवाई शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में की गई.

इस दौरान पेयजल स्त्रोतों, पाइपलाइन में लीकेज सुधार के संबंध में प्राप्त आवेदनों का पंजी में संधारण कर कार्यवाही किए जाने हेतु संबंधितों को प्रेषित किया गया. मऊगंज में जल सुनवाई के दौरान वार्ड क्रमांक 8 सुंदरपुरवा के रहवासियों ने दिनेश शुक्ला-रमेश पाण्डेय के घर के पास सीवर का पानी सड़क से होकर खाली प्लाटों में भरने से घरों की बोरिंग से दूषित पानी निकलने की शिकायत की. नगर परिषद के सीएमओ को समुचित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया.

नईगढ़ी नगर परिषद में वार्ड क्रमांक 15 निवासी रमाशंकर सोनी ने सप्लाई के पाइपलाइन में लीकेज की शिकायत की जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए लीकेज की मरम्मत कराकर पाइपलाइन के आसपास सफाई का कार्य कराया गया तथा जल के नमूने परीक्षण हेतु एकत्र किए गए. इसी प्रकार वार्ड क्रमांक दो निवासी बाल्मीकि पटेल के हैण्डपंप लीकेज की शिकायत पर सुधार का कार्य कराया गया.

अजय को मिली 20 हजार की मदद

कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसाइटी से दी राहत राशि

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 13 जनवरी, जनसुनवाई के दौरान मंगलवार को गंभीर रूप से घायल एक युवक परिजनों के सहयोग से कलेक्ट्रेट मऊगंज पहुंचा एवं कलेक्टर से सहायता का आग्रह किया.

करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल युवक की जानकारी होते ही कलेक्टर श्री जैन स्वयं घायल युवक के पास पहुंचे और हर संभव इलाज कराए जाने का भरोसा दिया. इस दौरान कलेक्टर द्वारा पीड़ित अजय साकेत को ठंड से बचाव हेतु कंबल प्रदान किए गए. कलेक्टर ने रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मौके पर ही पीड़ित को 20 हजार की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया. गौरतलब है अजय साकेत पिता इंद्रलाल साकेत निवासी मिसिरगवां जिला मऊगंज जो हरियाणा की एक निजी कंपनी में काम करते दौरान करंट की चपेट में आने से बीते मां गंभीर रूप से घायल हो गया था. कंपनी द्वारा पूरा उपचार करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन जब घायल का उपचार नहीं हुआ तो मंगलवार को गंभीर रूप से घायल युवक जो पूर्ण चलने फिरने में असमर्थ हो चुका है अपने पत्नी एवं दो छोटे बच्चों सहित परिजनों के सहयोग से कलेक्ट्रेट पहुंच और मदद की गुहार लगाई. युवक की समस्या जान कलेक्टर श्री जैन पीड़ित से मिले और दवा करने का जहां आश्वासन दिया वहीं उन्होंने कहा कि हर संभव सहायता की जाएगी. मौके पर ही कलेक्टर श्री जैन द्वारा सीएमएचओ रीवा एवं बीएमओ मऊगज को निर्देशित करते हुए कहा कि घायल युवक को संजय गांधी अस्पताल रीवा में बेहतर इलाज हेतु भर्ती कराया जाए.

सावर्ण्य आश्रम सिरमौर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों का नव वर्ष संकल्प

नवभारत न्यूज

सिरमौर 13 जनवरी। राष्ट्रीय नेतृत्व सेनानी उत्तराधिकारी संघ के स्वाभिमान जितेन्द्र रघुवंशी के मंशानुसार आज सावर्ण्य आश्रम सिरमौर में शील सम्पन्न प्रांतीय उपाध्यक्ष राजाभैया मिश्रा एवं मानवीय संवेदना से परिपूर्ण धैर्य के प्रतीक जिलाध्यक्ष प्रसन्न सिंह का आगवन हुआ।

पश्चात नगर से गांव की ओर डोर टू डोर सेनानी परिवार से मिलने व पुन: फूल और चपाती के तर्ज पर एक सूत्र में बांधने हेतु संकल्प यात्रा शुरू की गयी। बताना लाजिमी होगा कि यह संगठन उभयपक्षीय रक्त सम्बन्धों को जागृत कर रहा है चूंकि सावर्ण्य आश्रम के संस्थापक स्व.प्रो.बसंत लाल पाण्डेय सिरमौर के अति प्रतिष्ठित इलाकेदार व महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रथम विधायक स्व. बैकुंठ प्रसाद पाण्डेय के भांजे है। और उनके पुत्र वेद पाणि पाण्डेय जो शिक्षक कर्मचारी संगठनों के साथ साथ कयी सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों में कार्य कर रहे हैं और इस संगठन में सिरमौर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। आश्रम में संतोष सिंह जिला कोषाध्यक्ष रज्जब खान उदय पाण्डेय गोविंद पाण्डेय डां आनंद पाण्डेय ~~क्रान्ह~~ भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ प्रांतीय मुख्य महासचिव बीरेंद्र प्रसाद मिश्र सहित समस्त उत्तराधिकारियों ने चचाई वैकुंठ पुर का दौरा किया.

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारी परिवार को जागरण हेतु गहन संपर्क अभियान चलाया गया इस अभियान में उत्तराधिकारी परिवारों के सदस्यों द्वारा पूरे उत्साह के साथ देश एवं प्रदेश संभाग जिला तहसील और ब्लॉक इस समस्त समाज के सेनानी के उत्तराधिकारियों सम्मान करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने. की अपील करते हुए. शासन. के. योजनाओं का लाभ सभी उत्तराधिकारी के सदस्यों को मिलने के लिए संगठन नें बड़ी पहल करना प्रारंभ कर दिया है और जबसे संगठन का विस्तार प्रदेश संभाग जिला. ब्लाक मे किया गया तो प्रथम बार प्रदेशउपाध्यक्ष राजा भैया मिश्र एवं जिलाध्यक्ष प्रसन्न सिंह शहर से नगर एवं ग्रामीण की. ओर प्रस्थान किये चेचाई मे 08 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारियों से मिले विश्वनाथ प्रताप सिंह के घर मे स्वर्गीय सुग्रीव सिंह के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके बाद उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारियों को तिलक लगाते हुए टोपी पहनकर सम्मान किया गया जिसमे विश्वनाथ सिंह धनेंद्र सिंह जगत प्रसाद त्रिपाठी कुलदीप त्रिपाठी, रामकलेश पाठक, गोविन्द पाण्डेय, उदय पांडेय डॉक्टर आनंद पाण्डेय इसके बैकुंठपुर में शकुंतला सिंह राहुल नर्मदा सिंह की बहू हनुमान प्रसाद द्विवेदी नाती सच्चिदानंद द्विवेदी हेम सिंह परिहार सज्जन सिंह परिहार आदि उत्तराधिकारियों से मिलकर अपने संगठन के विचारधारा एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए शकुंतला मम्मा साहब से आशीष प्राप्त किया गया वही समस्त उत्तराधिकारियों को 1 फरवरी सन 2026 को प्रथम रविवार समय 10:10 पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम खरौली में रखा गया है. जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को एवं उत्तराधिकारियों के सदस्यों को पहुंचने की अपील की गई है